दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गोरखपुर-273001

(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)

सम्बद्ध

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : *dnpggkp@gmail.com*
website : www.dnpgcollege.edu.in

पत्रांकः ....   दिनांकः 08—05—2026

प्रकाशनार्थ

दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गोरखपुर के एन.सी.सी. अधिकारी डॉ. सुभाष चन्द्र को मिली लेफ्टिनेंट रैंक

आज दिनांकः 08—05—2026 को एएनओ सम्मेलन एवं पदोन्नति परेड में दिग्विजयनाथ पी. जी. कॉलेज, गोरखपुर के सहायक आचार्य एवं एन.सी.सी. अधिकारी डॉ. सुभाष चन्द्र को 44वीं यूपी बटालियन एन.सी.सी, गोरखपुर के कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल रमन तिवारी ने लेफ्टिनेंट रैंक से सम्मानित किया। एनसीसी अधिकारी के रूप में कमीशन प्राप्त करते हुए ले. (डॉ.) सुभाष चन्द्र का एनसीसी सी.टी.ओ. पद से एनसीसी ए.एन.ओ. के पद पर पदोन्नति हुई। ले. (डॉ.) सुभाष चन्द्र ने एनसीसी ओ.टी.ए. काम्पटी, नागपुर, महाराष्ट्र में आयोजित आर्मी विंग एन.सी.सी. के पी.आर.सी.एन. सीनियर डिवीजन कोर्स (क्रमांक सं.—174) में प्रतिभाग कर भारतीय थल सेना का कठोर प्रशिक्षण प्राप्त किया । यह प्रशिक्षण 05 जनवरी से 04 अप्रैल 2026 तक कुल 90 दिनों का कठोर सैन्य प्रशिक्षण रहा । प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद 04 अप्रैल 2026 को अकादमी के चुन्नीलाल परेड ग्राउंड में आयोजित पासिंग आउट परेड के उपरान्त पिपिंग सेरेमनी में उनके कंधों पर स्टार लगाकर उन्हें लेफ्टिनेंट रैंक प्रदान की गई । उन्होंने कोर्स के दौरान फिजिकल ट्रेनिंग, ड्रिल, विपन ट्रेनिंग, मैप रीडिंग, फील्ड क्राफ्ट, बैटल क्राफ्ट सहित विभिन्न सैन्य विषयों का प्रशिक्षण प्राप्त किया ।

एएनओ सम्मेलन एवं पदोन्नति कार्यक्रम में कैप्टन डीएन मौर्य, कैप्टन दीपक शाही, सी.टी.ओ. सुभाष चन्द्र, तृतीय अधिकारी आई. राय, के.के. यादव एवं नृपेंद्र प्रताप पदोन्नति प्रदान की गई । साथ ही मेजर साकेत जी एवं मुख्य अधिकारी ए.के. गुप्ता के कार्यकाल विस्तार को भी स्वीकृति दी गई । कार्यक्रम का संचालन मेजर साकेत जी ने किया। रैंक अलंकरण का कार्य 44वीं बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल रमन तिवारी, मेजर साकेत जी एवं मुख्य अधिकारी ए.के. गुप्ता द्वारा संयुक्त रूप से सम्पन्न कराया गया।

इस अवसर पर लेफ्टिनेंट प्रभाकर शाही, अनुपम सिंह, फर्स्ट ऑफिसर भारत सिंह, सेकंड ऑफिसर सूर्य प्रताप सिंह, पुनीत त्रिपाठी, सूबेदार मेजर एम. अब्राहम, नायब सूबेदार तेजपाल सिंह सहित बटालियन के समस्त सिविल स्टाफ एवं पी.आई. स्टाफ उपस्थित रहे। इस अवसर पर अपने संबोधन में कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल रमन तिवारी ने कहा कि एनसीसी केवल अनुशासन और नेतृत्व का मंच ही नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की एक सशक्त धुरी है। एएनओ की भूमिका कैडेटों के व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता और देशभक्ति की भावना को मजबूत करने में अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने पदोन्नत अधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए अपेक्षा जताई कि वे अपने अनुभव एवं समर्पण से संगठन को और अधिक मजबूत बनाएंगे तथा युवाओं को सकारात्मक दिशा देने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे ।

(शैलेश कुमार सिंह)
मिडिया प्रभारी